उद्यमियों की तकनीकी समस्याओं पर मंथन कल से

वाराणसी। बनारस समेत पूर्वांचल के उद्योगों की समस्याओं पर तीन दिवसीय मंथन आईआईटी बीचएयू में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक किया जाएगा। निदेशक प्रो. पीके जैन और आईआईटी के प्रोफेसर पीके मिश्रा ने प्रेसकांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। समागम में क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग और हैंडीक्राफ्ट का काम करने वाले उद्यमियों के साथ बातचीत कर तकनीकी समस्याएं दूर कराई जाएंगी। पहले दिन 31 अगस्त को कुटीर उद्योग, हैंडीक्राफ्ट और कृषि उत्पाद से जुड़े लोगों से संवाद होगा। एक सितंबर को लघु एवं मध्यम उद्योग, दो सितंबर को सामाजिक, गैर सरकारी संगठनों के लोगों से संवाद किया जाएगा।

अमर उजाला – 30.08.2018